Title: Need to set up a high power T.V. transmitter at Ichalkaranji, Maharashtra .

श्रीमती निवेदिता माने (इचलकरांजी): अध्यक्ष महोदय मैं महाराष्ट्र राज्य के इचलकरांजी क्षेत्र से लोक सभा का प्रतिनिधित्व करती हूं। इस जिले में छः ताल्लुके हैं जिसकी आबादी 15 लाख के लगभग है। यहां दूरदर्शन का केवल एक लघु ट्रांसमिशन केन्द्र है, जिसकी कवरेज के अंतर्गज बहुत कम क्षेत्र आ पाता है। इस कारण इस जिले की करीब 50 प्रतिशत आबादी को सीधे टी.वी. सिग्नल नहीं मिल पाता है और केबल के माध्यम से दूरदर्शन सुविधा का लाभ उन्हें महंगा पड़ता है। इस वजह से दूर-दराज इलाकों में रहने वाली ग्रामीण जनता दूरदर्शन के कार्यक्रमों से वंचित रहती है।

अतः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से यह मांग करती हूं कि इचलकरांजी में वर्तमान ट्रांसमिशन को उच्च शक्ति के ट्रांसमिशन में बदलने और तहसील शहुवाडी के दुर्गम क्षेत्र में नया टी.वी. ट्रांसमिशन तत्काल स्थापित करें।